भावना संदेश

जुलाई – 2017

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक दिनांक 17 मई, 2017 की एक झलक

डॉ. नरेन्द्र देव द्वारा विरचित लघु पुस्तिका आहार-विहार के प्रभावी सूत्र का लोकार्पण
दि. 17.5.2017 को भावना समिति द्वारा

भावना प्रबंधकारिणी समिति

संरक्षक, निर्वाचित, मनोनीत एवं स्थाई पदाधिकारी

(पत्रांक : भावना/प–010/अ/588, दिनांक 23.03.2017 द्वारा पुनर्गठित)

संरक्षक सदस्य
श्री विजय कृष्ण शुंगलू
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (निवर्तमान)
अब अध्यक्ष, दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी
फोन : 0120–2513838 / 09810711820
ई. मेल: vkshunglu@yahoo.co.in

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री अजय प्रकाश वर्मा, आई.ए.एस. (से.नि.)
पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार
फोन : 0522–2395195 / 09415402554

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति घनश्याम दास अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष, नेशनल इन्डस्ट्रियल ट्रिब्युनल, मुम्बई,
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2309327

संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य
श्री कोमल प्रसाद वार्ष्णेय
प्रमुख अभियन्ता (से.नि.), लोक निर्माण विभाग, उ.प्र.
फोन : 0522–2321680 / 09415736256

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री जगदीश गाँधी
शिक्षाविद्, संस्थापक प्रबंधक, सिटी मोन्टेसरी स्कूल्स, लखनऊ
फोन : 09415015030
ई. मेल: info@cmseducation.org

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री ज्ञानेन्द्र कुमार खरे
अध्यक्ष (से.नि.), रेलवे बोर्ड, भारत
फोन : 0532–2624020 / 09335157680
ई.मेल: kharegk.ald@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति दिनेश कुमार त्रिवेदी
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
अध्यक्ष, उच्च जाति आयोग, बिहार
फोन : 0522–2302591 / 09415152086

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव
मुख्य आयुक्त (से.नि.), कस्टम्स, सेन्ट्रल एक्साइज़ तथा सर्विस टैक्स
फोन: 0522–4073682 / 07754058564
ई.मेल: cps2806@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति सुधीर चन्द्र वर्मा
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय तथा
पूर्व लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश
फोन : 09415419439

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
पद्मश्री प्रो. महेन्द्र सिंह सोढा
पूर्व कुलपति, इन्दौर, लखनऊ तथा भोपाल विश्वविद्यालय,
फोन : 0522–2788033,
ई. मेल: msodha@rediffmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
परामर्शी, विधि तथा RTI प्रकोष्ठ

न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2789033 / 09415010746
ई. मेल: justicekn@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री राकेश कुमार मित्तल
प्रमुख सचिव (से.नि.), उ.प्र. शासन तथा मुख्य संयोजक, कबीर शान्ति मिशन
फोन : 0522–2309147 / 2307164 / 09415015859
ई. मेल: rakesh_mittal_2000@yahoo.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
न्यायमूर्ति करण लाल शर्मा
न्यायाधीश (से.नि.), इलाहाबाद उच्च न्यायालय
फोन : 0522–2997299 / 2398857 / 09415560824
ई. मेल: sunil.sharma.lko@gmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्री ओम् नारायण
निदेशक (से.नि.), कोषागार, उ.प्र.
फोन: 0522–3013010 / 09415515647
ई.मेल: omnarayan@hotmail.com

संरक्षक एवं विशिष्ट सदस्य
श्रीमती सुनन्दा प्रसाद, आई.ए.एस.(से.नि.)
पूर्व अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ.प्र.
फोन : 09839211040
ई.मेल: prasad_sunanda@hotmail.com

संस्थागत सदस्य

मिरर फ़ाउन्डेशन्स फ़ॉर सेल्फ़ इम्प्रूवमेन्ट एन्ड नेचुरल लिविन्ग
श्री पवन ग्रोवर, संस्थापक अध्यक्ष
फोन : 0522–4002197 / 2311168 / 09839035475
ई. मेल: pawangrover@yahoo.com

आस्था सेन्टर फ़ॉर जेरियाट्रिक मेडीसिन, पालिएटिव केयर, हॉस्पिटल, हॉस्पिस एन्ड सोशल वेलफ़ेयर सोसायटी
डॉ. अभिषेक शुक्ला, संस्थापक अध्यक्ष
फोन : 0522–3240000 / 09336285050
ई. मेल: enquiry@hospiceindia.org

शेष कवर पृष्ठ 3 पर

(सदस्यों में केवल आन्तरिक वितरण हेतु)

भावना संदेश

वर्ष : 17 अंक : 03 जुलाई–2017

सम्पादन समिति

इं0 अमरनाथ – प्रधान सम्पादक
श्री सुशील कुमार शर्मा – सम्पादक
प्रो0 (डॉ0) अवनीश अग्रवाल – सह–सम्पादक

प्रकाशक

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति
507, कसमण्डा रीजेन्ट अपार्टमेन्ट्स
पार्क रोड, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522–4016048 पं.सं.: 662/2000–01
वेबसाइट : www.bhavanaindia.org
ई–मेल : bhavanasindia.@gmail.com
Facebook page : Bharatiya Varishtha Nagarik Samiti
Bhavana google group: bhavana-lucknow@googlegroups.com

मुद्रक

क्रियेटिव इंक, हिमांशु सदन, 5 पार्क रोड, लखनऊ।
मो0 : 7398629394 9935526017
E-mail : creativesheebu@gmail.com

भावना का संकल्प गीत

भावना सहयोग, सेवा, स्वावलम्बन से चले,
भावना की राह में संकल्प का दीपक जले।

भावना में डूब के इतने सहिष्णु हम हुए,
आस्था, विश्वास के साँचे में हम फिर–फिर ढले।

भावना ये है बुजुर्गों को किसी भी हाल में,
इस बदलते दौर की तल्ख़ी न रत्ती भर खले।

भावना का एक ही सन्देश है सबके लिए,
शेष जीवन भर कोई अब जिन्दगी को न छले।

विश्व में इक मंच देने को वरिष्ठों के लिए,
भावना की 'शान्त' पलकों पे कई सपने पले।

– इं. देवकी नन्दन 'शान्त'

भावना सूत्र वाक्य

सन्देश नहीं मैं यहाँ स्वर्ग का लाया।
इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया।।

– श्री मैथिली शरण गुप्त

सम्पादकीय

मनुष्य जीवन में सन्तुष्टि कैसे प्राप्त हो?

प्रायः मनुष्य की उमंगे उसे चैन से नहीं बैठने देती, इसलिए हमारे सम्मानित ग्रन्थ गीता में भगवान श्री कृष्ण ने यह उपदेश दिया है कि यथासम्भव इच्छाओं का त्याग किया जाय। व्यवहारिक दृष्टिकोण से देखा जाय तो इच्छाएं समाप्त तो नहीं की जा सकतीं परन्तु कम अवश्य की जा सकती हैं। दूसरी समस्या वरिष्ठजनों को यह भी आती है कि जीवन में जो खराब समय बीता उसका संताप मानसिक पटल पर विद्यमान रहता है। वास्तव में जीवन में जाने-अनजाने में जो गलतियां हो जाती हैं, उसका निवारण तो अधिकांशतः गलती सुधार लेने से हो जाता है परन्तु मनुष्य का अहंकार गलती के लिए दोषारोपण दूसरों पर करना चाहता है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक अपनी पुरानी भूल चूक का संताप झेलते रहते हैं चूंकि वह उन्हें अपना कर्मफल मानकर स्वीकार नहीं करते। कई बार परिवारों में भी पुरानी बातों को लेकर व्यर्थ का क्लेश होता रहता है। वास्तव में कोई भी मनुष्य अपनी आलोचना सहन करने की शक्ति नहीं रखता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता है कि आपके आलोचक ही उत्थान में आपकी सहायता करते हैं। वास्तव में बात सही दृष्टिकोण अपनाने की है। अतः करना यह चाहिए कि यदि कोई आपकी आलोचना करता है तो क्रोधित होने की बजाय उस व्यक्ति से खुलकर बात करें, जिससे यदि वह गलत कह रहा है तो उसे स्वयं महसूस हो जायेगा। यह समझने की बात है कि हर व्यक्ति में आत्मा का वास है, जो परमात्मा का अंश है। कुछ गलत विचाराधारा के कारण ही ऐसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें वार्ता द्वारा सुलझाया जा सकता है। कुछ वरिष्ठ नागरिक अपने भूतकाल की यादों में जीने की आदत डाल लेते हैं वह प्रायः अपनी भूल-चूक का विश्लेषण करते रहते हैं और सोचते रहते हैं कि यदि अपने हितैषियों की बात सुन लेते तो हानि की बजाय लाभ हो सकता था। अतः ऐसे व्यक्तियों को अपनी पुरानी गलतियों से निजात नहीं मिल पाती।

प्रत्येक व्यक्ति तीन प्रकार की जिन्दगी जीता है, यानि (1) व्यक्तिगत जीवन (2) सामाजिक जीवन (3) गुप्त जीवन (आध्यत्मिक जीवन) की इन अवस्थाओं की भूल-चूक के प्रभाव भी भिन्न होते हैं। अधिकतर मनुष्य अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवारही की भूल करते रहते हैं तथा संयम, नियम, योग एवं व्यायाम के प्रति उदासीनता उनके लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न करती है जो बाद में संताप का कारण बनती है। वृद्धावस्था में व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन की भूल-चूक को कर्मफल मानकर स्वीकार किया जा सकता है, परन्तु गुप्त जीवन (आध्यत्मिक जीवन) के प्रति

उदासीनता की भूल का कोई उपचार नहीं है चूंकि मनुष्य अन्तिम अवसर ही खो रहा है। अतः वरिष्ठ नागरिकों को चाहिये कि वह यथासम्भव दुनियादारी के मोह का त्याग करें, व्यर्थ की चिन्तायें न करें तथा प्रसन्नचित रहने का प्रयास करें। वास्तव में देखा जाय तो काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार ही मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं। इन पर यथासम्भव विजय प्राप्त होने पर ही व्यक्ति संन्तुष्टि एवं आनन्द का अनुभव कर सकता है। एक गीतकार की कुछ पंक्तियां याद आ गयी हैं जो निम्नवत् हैं-

भूतकाल का पछतावा करेगा आखिर कब तक?
भविष्य की चिन्ता क्यों जो आया नहीं हैं, अब तक?
वर्तमान में जीना सीख मत ले उसका बैर
कुछ भी तो नहीं होता उसके चाहे बगैर।

- इं. सुशील कुमार शर्मा

सदवचन

(1) न सा समा यत्र न सन्ति वृद्धा, वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम्।
नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति, सत्यं न तत् सत्यंयच्छलेनाभ्युपेतम्।।

विदुर नीति : - वह सभा (परिषद) ही नहीं जिसमें वृद्ध (ज्ञान और पथ) पुरूष न हों, वे वृद्ध नहीं जो धर्म का कथन न करें, न वह धर्म है जिसमें सत्य का योग न हो और न वह सत्य ही है जो छल से संयुक्त हो।

विशेष - इस लक्षण के अनुसार जिन भीष्म पितामह एवं आचार्य द्रोण के सन्मुख रजस्वला एकवस्त्रा द्रोपदी को नंगी करने के लिए उसका वस्त्र खींचा गया और ये महानुभाव चुपचाप देखते रहे, दुर्योधन प्रवृति के अत्याचार का विरोध नहीं किया, वे वृद्ध की परिभाषा में गिने ही नहीं जा सकते।

(2) अनाहूतः प्रविशति अपृष्टो बहू भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेतानराधमः।।

विदुर नीति :- जो पुरुष सभा आदि में बिना बुलाए प्रविष्ट होता है और बिना पूछे बहुत बोलता है तथा विश्वास के अयोग्य पुरुषों में विश्वास करता है, वह मूर्ख चित्तवाला नरों में अधम है।

भावना संदेश-अप्रैल-2017 अंक : त्रुटि परिमार्जन

भावना संदेश के अप्रैल-17 अंक में असावधानी वश कुछ त्रुटियां एवं अशुद्धियां रह गई थी। कृपया उनको निम्नानुसार शुद्ध करके पढ़ने की कृपा करें।

संदर्भ पृष्ठ	पंक्ति	जो छपा हुआ है	अब जो पढ़ा जाए
4-	ऊपर से दूसरी पंक्ति	आमुख महासचिव	प्रमुख महासचिव
8-	ऊपर से 8वीं पंक्ति	विश्वविद्यालय ने प्रसादम्	विश्वविद्यालय में प्रसादम्
11-	ऊपर से 14वीं पंक्ति	अति विशिष्ट नागरिकों का अभिनंदन	अति वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन
11-	ऊपर से 25वीं पंक्ति	निर्माण में लगभग 1 करोड़ रुपये	निर्माण में लगभग 10 करोड़ रुपये
13-	नीचे से चौथी पंक्ति	डॉ. श्रीकृष्ण अखिलेश	डॉ. श्रीकृष्ण सिंह अखिलेश
14-	पहली पंक्ति	वर्ष-2017-18 बजट प्रस्ताव	वर्ष-2017-18 का बजट प्रस्ताव
23-	नीचे से 7वीं पंक्ति	अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र	भावना अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र
23-	नीचे से चौथी पंक्ति	भावना संस्था के अध्यक्ष	भावना के अध्यक्ष
32-	नीचे से 11वीं पंक्ति	इं. ए.के. मल्होत्रा जी	इं. ए.के. मेहरोत्रा जी
33-	नीचे से 17वीं पंक्ति	डॉ. हरवंश सिंह	डॉ. श्रीकृष्ण सिंह अखिलेश
53-	ऊपर से 17वीं पंक्ति	रात के ढे में शोला है	राख के ढेर में शोला है
64-	नीचे से चौथी पंक्ति	साले लोभ	सारे लोभ
अन्तिम आवरण	ऊपर से तीसरी पंक्ति	आवंटन NEDA द्वारा	आवंटन YEIDA द्वारा

उक्त सभी कमियों/त्रुटियों/अशुद्धियों के लिए भावना संदेश के सम्पूर्ण सम्पादक मंडल की ओर से मैं खेद सहित बिना शर्त क्षमा चायी हैं।

अमर नाथ- प्रधान सम्पादक

भावना की साधारण सभा की बैठक (सत्रहवाँ वार्षिक महाधिवेशन) दिनांक 05 मार्च 2017 का कार्यवाही विवरण

सभा स्थल :-राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ

उपस्थिति :- समिति के कुल 741 सदस्यों में से 143 सदस्य (29 प्रॉक्सी सहित) सभा में उपस्थित थे। कोरम पूरा था।

कार्यवाही विवरण :-

1. उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम का संचालन भावना के सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ के सचिव एवं संयोजक, साहित्य-भूषण श्री देवकी नन्दन 'शांत, द्वारा किया गया।
2. कार्यक्रम के संचालक, श्री देवकी नन्दन 'शांत' के अनुरोध पर मुख्य अतिथि, माननीय श्री महेश चन्द्र द्विवेदी, निवर्तमान पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मंच पर आसन ग्रहण किया।
3. संचालक महोदय के अनुरोध पर भावना के अध्यक्ष माननीय श्री विनोद कुमार शुक्ल, संरक्षक सदस्य माननीय श्री कोमल प्रसाद वार्ष्णेय, संरक्षक सदस्य माननीय डॉ. जगदीश गांधी, आर.के. ग्रुप की वित्त-निदेशक श्रीमती संगीता गुप्ता तथा 80+ आयु प्राप्त माननीय विशिष्ट सदस्य श्रीमती उमा शशि मिश्र, आजीवन सदस्य श्री विजय कुमार माथुर, डॉ. त्रिलोकी नाथ सिंह, श्री राम किशोर पाण्डेय एवं श्री विश्व पाल निगम ने मंच पर आसन ग्रहण किया।
4. संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित सभी मंचासीन महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलित करके सभा की कार्यवाही का औपचारिक शुभारम्भ किया। सभी उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया।
5. तदोपरान्त संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष सहित सभी मंचासीन महानुभावों का समिति के पदाधिकारियों ने पुष्प-गुच्छ समर्पित करके स्वागत किया।
6. तदनन्तर श्री देवकी नन्दन 'शान्त, के आह्वान पर उन्हीं के नेतृत्व में सभा में उपस्थित सभी जनों ने खड़े होकर भावना के संकल्प-गीत का सामूहिक सस्वर पाठ किया जिसमें भावना के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों का संक्षिप्त उल्लेख है।
7. अध्यक्ष महोदय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, विशिष्ट सदस्यों, मीडिया के प्रतिनिधिगणों एवं सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया।
8. संचालक महोदय के अनुरोध पर मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा समिति के वयोवृद्ध सदस्यों, माननीय डॉ. जगदीश गांधी (संरक्षक सदस्य) माननीय श्रीमती उमा शशि मिश्र (विशिष्ट सदस्य), माननीय विजय कुमार माथुर (आजीवन सदस्य), माननीय डॉ. त्रिलोकी नाथ सिंह (आजीवन सदस्य), माननीय श्री राम किशोर पाण्डेय (आजीवन सदस्य) तथा माननीय श्री विश्व पाल निगम (आजीवन सदस्य) को बारी बारी से माला एवं शाल पहनाकर उनका सार्वजनिक अभिनन्दन किया। इन सभी आदरणीय सदस्यों ने सभा को सम्बोधित भी किया।
9. समिति की वार्षिक रिपोर्ट :- तदनन्तर प्रमुख महासचिव, श्री राम लाल गुप्ता ने समिति की वार्षिक रिपोर्ट अर्थात समिति में गत् एक वर्ष में हुई गतिविधियों एवं आगामी लेखा-वर्ष में प्रस्तावित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण सभा के समक्ष प्रस्तुत किया तथा अनुरोध किया कि इस पर अधिवेशन के आन्तरिक सत्र में सभी सदस्य अपने-अपने विचार अवश्य रखें ताकि सदन की इच्छा के अनुरूप ही समिति के अगले लेखा-वर्ष के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए जा सकें। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा अन्य अतिथियों से भी अनुरोध किया कि वे भी इस विषय में अपने विचारों से हमें लाभान्वित करें ताकि तद्नुसार समिति के भावी कार्यक्रमों को वरिष्ठ नागरिकों तथा समाज के निर्बल एवं सहायजनों के हितों के अनुरूप नियोजित किया जा सके। उन्होंने उन प्रस्तावों को भी सभा के विचारार्थ पढ़ा जो वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश सरकारों से संबंधित माननीय मंत्रियों तथा अधिकारियों को भेजे जाने हेतु प्रस्तावित है।
10. तदनन्तर मुख्य अतिथि तथा मंचासीन विशिष्टजनों द्वारा समिति के निम्नलिखित पदाधिकारियों का विगत् सत्र में समिति के हित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र दिए गए :

- श्री जगत बिहारी अग्रवाल, महासचिव (प्रशासन) को समिति के हित में सर्वोत्तम कार्य करने के लिए।
- श्री अनिल कुमार शर्मा, अध्यक्ष, एन.सी.आर. शाखा को अपनी शाखा के हित में सर्वोत्तम कार्य करने के लिए।
- श्री अनिल कुमार शर्मा, अध्यक्ष, एन.सी.आर. शाखा को अधिकतम 16 विशिष्ट सदस्यों सहित कुल 25 सदस्य बनवाने के लिए।
- श्री अनिल कुमार शर्मा, अध्यक्ष, एन.सी.आर. शाखा को अपने प्रयास से गेल (इंडिया) लि. में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करके भावना को सबसे अधिक रु. 75,000 की बचत कराने के लिए।
- श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव (कार्यान्वयन) को अनौपचारिक शिक्षण कार्यक्रम निर्धन जन सेवा कार्यक्रम तथा ग्रामीण संस्थागत सदस्य बनाने में अतिउत्तम कार्य करने के लिए।
- श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ल, उपमहासचिव को संयोजक, निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ, प्रसादम सेवा प्रकोष्ठ तथा सदस्य, सहयोग एवं सेवा प्रकोष्ठ की हैसियत से अतिउत्तम कार्य करने के लिए।
- श्री शिव शंकर प्रसाद शुक्ल, सचिव, उन्नाव शाखा, को उन्नाव जनपद के ग्राम्यांचल में, बिना केन्द्रीय कोष पर व्यय-भार डाले, निर्धन जन सेवा शिविर के भव्य आयोजन में अति उत्तम कार्य करने के लिए।

  इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना ने कहा कि निर्धारित मानदंडों पर उपरोक्त पदाधिकारी ही खरे उतरे हैं, इसलिए उन्हें ही सम्मानित किया गया है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि अन्य पदाधिकारियों ने कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने सभा को अवगत कराया कि :
- श्री प्रेम प्रकाश अरोरा (रु. 34,800), श्री विनोद कुमार शुक्ल (रु 30,000), श्री नरेन्द्र कुमार रस्तोगी (रु 22,450), न्यायमूर्ति सुधीर चन्द्र वर्मा (रु 20,000), रमेश प्रसाद जायसवाल (रु 19,500), श्री जगमोहन लाल वैश्य (रु 17,200), श्री सुमेर अग्रवाल (रु 12,500), श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ल (रु 12,000), न्यायमूर्ति दिनेश कुमार त्रिवेदी (रु 11,000), न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ (रु 10,800) श्री जितेन्द्र नाथ सरीन (रु 10,000) तथा श्री बेदी प्रसाद कुरील (रु 10,000) के योगदान भी समिति के जनहितकारी कार्यक्रमों के लिए स्वयं दान देने तथा/अथवा अन्य दाताओं से दान प्राप्त करने में सराहनीय रहे हैं।
- नए सदस्य बनवाने में श्री विनोद कुमार शुक्ल (4 विशिष्ट, 1 ग्रामीण संस्थागत तथा 1 वॉलन्टियर), श्री सुशील कुमार (4 विशिष्ट), श्री सुभाष मणि तिवारी (2 विशिष्ट तथा 1 वॉलन्टियर), श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ल (2 विशिष्ट), डॉ. नरेन्द्र देव (2 विशिष्ट), श्री जगमोहन लाल जायसवाल (1 विशिष्ट तथा 1 आजीवन), न्यायमूर्ति करण लाल शर्मा (1 विशिष्ट), श्री राजेन्द्र कुमार चुघ (1 संस्थागत), श्री सुशील कुमार शर्मा (6 आजीवन), श्री अमर नाथ (4 आजीवन), श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह (3 आजीवन), श्री उदय भान पाण्डेय (2 आजीवन), श्री नसीम अनवर फारूकी (2 आजीवन), श्री अशोक कुमार मल्होत्रा (2 आजीवन), श्री आदित्य प्रकाश सिंह (1 आजीवन), श्री जगत बिहारी अग्रवाल (1 आजीवन), श्रीमती रजनी चंद्रा (1 आजीवन) एवं श्री भीम सेन शुक्ला (1 आजीवन) के योगदान भी सराहनीय रहे हैं।
- संकल्प के अनुरूप विगत सत्र में सम्पन्न हुई प्रबंधकारिणी की बैठकों, नव-वर्ष-मिलन कार्यक्रम तथा होली-मिलन कार्यक्रम का सम्पूर्ण व्यय-भार श्री सुशील शंकर सक्सेना, श्री राम मूर्ति सिंह, श्री इन्द्र कुमार भारद्वाज, श्री मुरारी लाल अग्रवाल, श्री बनवारी लाल गुप्ता, श्री रवीन्द्र कुमार सक्सेना, श्री सिद्धेश्वर नाथ शर्मा, श्री नरेश चन्द्र रस्तोगी, श्री पाल प्रवीण, श्री सुरेश चन्द्र ब्रह्मचारी, श्री राम प्रवेश तिवारी, श्री आनन्द कुमार, श्री युगल किशोर गुप्ता, श्री महेश चन्द्र निगम, श्री सुभाष मणि तिवारी, श्री सत्यदेव तिवारी, श्री विवेक कुमार त्रिपाठी, श्री अनुराग त्रिपाठी, श्री रमाकान्त पाण्डेय, श्री विनोद कुमार कपूर, श्री हरीश चन्द्र शुक्ला, श्री तीरथ राज मौर्य, श्री तीर्थ रंजन गुप्ता, श्रीमती अर्चना गोयल, श्री मनोज कुमार गोयल, डॉ. नरेन्द्र देव, श्री जग मोहन लाल वैश्य, श्री शिव नारायण अग्रवाल, श्री सत्य नारायण गोयल, स्व. धर्मवीर सिंह, श्री सुमेर अग्रवाल, श्री लक्ष्मी कान्त झुनझुनवाला तथा श्री आदित्य प्रकाश सिंह ने सहर्ष वहन किया। इन सभी माननीय सदस्यों का योगदान भी सराहनीय रहा।

11. इस अवसर पर भावना के प्रधान सम्पादक श्री अमरनाथ की स्व-रचित पुस्तक **'खरी-खोटी'** का मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा अध्यक्ष द्वारा लोकार्पण किया गया। तदनन्तर श्री अमरनाथ ने संक्षेप में पुस्तक में निहित अपनी रचनाओं के बारे में सभा को अवगत कराया।

12. सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि, माननीय श्री महेश चन्द्र द्विवेदी, ने अपने ओजस्वी सम्बोधन में कहा कि वे यह देखकर अत्यंत प्रसन्न हैं कि भावना अपने सदस्यों के माध्यम से समाज सेवा कर रही है। इससे उनका मन संतुष्ट एवं प्रफुल्लित होता होगा तथा निराशावादी विचार उनके पास आ भी नहीं पाते होंगे। उन्होंने भावना के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि भावना इसी विचारधारा पर कार्य कर रही है कि कदाचित इसीलिए इस संस्था से जुड़े बुजुर्गों में इतना उत्साह तथा इतनी ताजगी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि भावना के सदस्य दूसरों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर काम करते हैं और इसीलिए इनके अंदर इतना अधिक सेवाभाव है। उन्होंने समिति के जनहितकारी कार्यक्रमों में अपना भी योगदान देने की इच्छा प्रकट की तथा कहा कि वे भी समिति की सदस्यता ग्रहण करना चाहेंगे।

13. कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए अपने विचार प्रकट किए।

14. धन्यवाद ज्ञापन :- संचालक महोदय के अनुरोध पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री सुशील शंकर सक्सेना, ने सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि, विष्ज्ञट अतिथियों, अन्य अतिथियों, सभा में उपस्थित सभी अन्य सदस्यों, महिलाओं तथा मीडिया के प्रतिनिधियों को समस्त प्रबन्धकारिणी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रबन्धकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने अधिवेशन के आयोजन में अपना सक्रिय योगदान दिया।

इसके उपरान्त संचालक महोदय के अनुरोध पर अध्यक्ष महोदय ने सभा के उद्घाटन सत्र के समापन की घोषणा कर दी तथा सभी से सहभोज के लिए प्रस्थान करने हेतु निवेदन किया।

आन्तरिक सत्र :-

15. सहभोज के उपरान्त माननीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं अन्य अतिथियों को ससम्मान विदा करने के बाद सभा के आन्तरिक सत्र का शुभारम्भ हुआ। महासचिव (प्रशासन) श्री जगत बिहारी अग्रवाल ने माननीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना, उपाध्यक्ष श्री तुंग नाथ कनौजिया तथा कोषाध्यक्ष श्री प्रेम शंकर गौतम से मंच पर आसन ग्रहण करने का अनुरोध किया। उन सभी के द्वारा आसन ग्रहण कर लेने पर सभी उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।

16. अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर महासचिव (प्रशासन) ने सभा के आन्तरिक सत्र की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए सभा के समक्ष साधारण सभा की विगत् बैठक (सोलहवाँ वार्षिक महाधिवेशन, दिनांक 28 फरवरी, 2016) का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया। विचारोपरान्त सभा ने सर्वसम्मति से उसे अनुमोदित कर दिया।

17. तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेकर कोषाध्यक्ष, श्री प्रेम शंकर गौतम ने सर्वप्रथम वर्ष 2015-16 की सम्प्रेक्षक द्वारा सम्प्रेक्षित तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा निरीक्षित बैलेन्स शीट तथा आय-व्यय लेखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही साथ उन्होंने उक्त वर्ष के बजट के सापेक्ष वास्तविक आय-व्यय का तुलनात्मक विवरण भी सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। विचारोपरान्त सभा ने इन सभी अभिलेखों को सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया।

पुनः कोषाध्यक्ष महोदय ने वर्ष 2017-18 के बजट प्रस्ताव निम्नानुसार प्रस्तुत किए :-

वर्ष 2017-18 के बजट प्रस्ताव

प्रस्तावित बजट में 100 नए आजीवन सदस्य, 50 आजीवन स्पाउस सदस्य, 40 विशिष्ट सदस्य, 40 विशिष्ट स्पाउस सदस्य, 2 संस्थागत सदस्य, 5 ग्रामीण संस्थागत सदस्य तथा 10 वालन्टियर सदस्य बनाए जाने का संकल्प है।

प्रस्तावित आय रुपए में :-

1. वर्ष 2016-17 का अवशेष	1994443.00
अ- बैंक में फिक्स डिपाजिट-लखनऊ में	355349.00
ओबरा में	109094.00

	ब- बचत खाते में एवं नगद अवशेष (अनुमानित)	200000.00	
	स- एन.सी.आर. में ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु दिनांक 31/03/2017 को उपलब्ध धनराशि (अनुमानित)	1330000.00	
2.	100 नये आजीवन सदस्य	10x2500.00	250000.00
3.	50 नये आजीवन स्पाउस सदस्य	50x500.00	25000.00
4.	40 नये आजीवन विशिष्ट सदस्य	40x6000.00	240000.00
5.	40 नये आजीवन विशिष्ट स्पाउस सदस्य	40x1000.00	40000.00
6.	2 नये संस्थागत सदस्य	2x6000.00	12000.00
7.	5 नये ग्रामीण संस्थागत सदस्य	5x2000.00	10000.00
8.	10 नये वॉलन्टियर सदस्य	10x1500.00	15000.00
9.	भावना संदेश शुल्क एवं विज्ञापन		200000.00
10.	समिति के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सम्भावित दान		500000.00
11.	शिक्षा सहायता योजना के लिए सम्भावित दान		350000.00
12.	डे-केयर केन्द्र में आने वाले सदस्यों से प्राप्त शुल्क	(12x250x50)	150000.00
13.	स्थापना दिवस एवं वार्षिक अधिवेशन से प्राप्त पंजीकरण शुल्क	(100x300)	30000.00
14.	एन.सी.आर. में ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु सम्भावित अंशदान/दान		5000000.00
		कुल सम्भावित आय	8816443.00

प्रस्तावित व्यय रुपए में

1.	कार्यालय स्टेशनरी		75000.00
2.	टाईप/फोटोकापी		75000.00
3.	डाक टिकट/कोरियर/फैक्स		75000.00
4.	प्रचार-प्रसार सामग्री		60000.00
5.	टेलीफोन किराया		9000.00
6.	डाक रनर/चपरासी (पूर्णकालिक)		70000.00
7.	कार्यालय सहायक (पूर्णकालिक)		70000.00
8.	वार्षिक अधिवेशन पर व्यय		65000.00
9.	भावना-संदेश का प्रकाशन		70000.00
10.	मासिक विचार गोष्ठियों पर व्यय		30000.00
11.	चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की फीस		25000.00
12.	वेबसाइट का रख-रखाव		25000.00
13.	स्थापना दिवस एवं शिक्षा सहायता राशि वितरण समारोह पर व्यय		70000.00
14.	कार्यालय भवन किराया		0.00
15.	कार्यालय हेतु विद्युत व्यवस्था		0.00
16.	डे-केयर सेन्टर की सज्जा पर होने वाला व्यय		120000.00
	अ - फर्नीचर	25000.00	
	ब - टी.वी. एवं डी.वी.डी. प्लेयर	40000.00	
	स - ए.सी.	30000.00	
	द - कारपेट, पदरे आदि	25000.00	
	कुल	120000	

17. डे-केयर सेन्टर के संचालन पर होने वाला व्यय		150000.00
अ - केयर टेकर कम कम्प्यूटर आपरेटर	72000.00	
ब - चपरासी/अटेण्डेन्ट	60000.00	
स - समाचार पत्र तथा अन्य पढ़ने वाली सामग्री	12000.00	
द - विद्युत व्यय तथा अन्य आवश्यक रख-रखाव के व्यय	6000.00	
	कुल	150000.00
18. अन्य प्रकीर्ण व्यय		25000.00
	कुल व्यय	1014000.00

विभिन्न सेवा कार्यक्रमों पर व्यय

1. भावना सहयोग एवं सेवा		10000.00
2. भावना सेकेण्ड कैरियर		2000.00
3. भावना सांस्कृतिक कार्य		20000.00
4. भावना महिला सशक्तिकरण		15000.00
5. भावना सोशल सर्विस		250000.00
6. भावना आध्यात्मिक सेवायें		20000.00
7. भावना स्वास्थ्य सेवायें		80000.00
8. भावना एजूकेशन एण्ड लिटरेसी सेवायें		350000.00
9. येडा को ओल्ड एज होम प्रोजेक्ट हेतु खरीदी जाने वाली जमीन की किस्त का किया जाने वाला भुगतान		2875460.00
10. श्री अनिल कुमार शर्मा से लिये गये उधार की वापसी ब्याज सहित		2852680.00
	योग	6475140.00
	कुल प्रस्तावित व्यय	7489140.00

कुल अनुमानित बचत (8816443.00 - 7489140.00)

विशेष :

1. व्यय आवश्यकतानुसार वास्तविक आय के अनुरूप कम से कम किया जायेगा।
2. प्रबंधकारिणी की बैठकों का व्यय गत वर्षों की भांति समिति के पदाधिकारियों द्वारा ही बारी-बारी से वहन किया जाना प्रस्तावित है।
3. नए प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिये आय के अनुरूप अतिरिक्त व्यय किया जाना भी प्रस्तावित है।
4. वर्ष 2016-17 में श्री अनिल कुमार शर्मा से ओल्ड ऐज होम प्रोजेक्ट हेतु येडा से जमीन लेने के लिये 4 प्रतिशत ब्याज पर 27 लाख रुपए का ऋण लिया गया है जिससे येडा को लगभग 13.70 लाख रुपए का भुगतान दो किस्तों में किया जा चुका है।

विचारोपरान्त सभा ने सर्वसम्मति से इन बजट प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया।

18. खुला सत्र

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महासचिव (प्रशासन) ने खुला सत्र प्रारम्भ करते हुए सदस्यों से अनुरोध किया कि वे प्रमुख महासचिव के वार्षिक प्रतिवेदन पर, मुख्य अतिथि महोदय के सम्बोधन में निहित बिन्दुओं पर तथा अन्य विभिन्न प्रस्तावों पर बारी-बारी से अपने-अपने विचार व्यक्त करें तथा यदि समिति एवं सदस्यों तथा समाज के कमजोर वर्ग के हित से सम्बन्धित कोई अन्य प्रस्ताव उनके पास हो तो उन्हें भी सदन के समक्ष रखें। सभा में उपस्थित सदस्यों ने तदनुसार अपने-अपने विचार सदन के समक्ष रखे। भली प्रकार विचार-विमर्श के उपरान्त सभा द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए :

1. प्रमुख महासचिव के प्रतिवेदन में निहित सभी बिन्दुओं एवं प्रस्तावों का अनुमोदन कर दिया गया।
2. प्रस्तावों को भी अनुमोदित कर दिया गया जो वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश सरकारों के सम्बन्धित माननीय मंत्रियों तथा अधिकारियों को भेजे जाने प्रस्तावित हैं।

19. समापन सत्र

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आह्वान किया कि :

- सदस्यगण सुप्त सदस्य बनकर न रहें अपितु समिति के कार्यक्रमों में अपना सक्रिय योगदान दें।
- प्रत्येक सदस्य आगामी वर्ष में अपने माध्यम से कम से कम दो नए सदस्य अवश्य ही बनवाने का प्रयास करें।
- जिन सदस्यों ने अपनी विवाह की तारीख समिति कार्यालय में अभी तक उपलब्ध नहीं कराई है, वे कृपया अतिआवश्यक विवरण यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें। पुराने सदस्यों के मोबाइल नम्बर समिति कार्यालय में उपलब्ध नहीं है वे कृपया यह विवरण भी उपलब्ध करा दें। यह अतिआवश्यक है क्योंकि अब से आगे सारा पत्राचार एवं सूचनाओं आदान प्रदान ई-मेल के माध्यम से ही किया जाएगा।
- सूचनाओं का आदान-प्रदान व्हाट्सऐप पर भी किया जाएगा। जिन सदस्यों के पास स्मार्ट मोबाइल फोन नहीं है वे कृपया इसकी व्यवस्था कर लें ताकि वे ई-मेल तथा/अथवा व्हाट्सऐप के माध्यमों का उपयोग भली प्रकार कर सकें।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से महासचिव (प्रशासन) के अनुरोध पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, माननीय श्री सुशील शंकर सक्सेना ने सभी उपस्थित जनों को इस बैठक में आने के लिए धन्यवाद दिया तथा प्रबंधकारिणी के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया जो इस आयोजन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे तथा जिनके प्रयास से ही यह आयोजन सफल हो सका। उन्होंने श्री देवकी नन्दन 'शान्त' को विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उन्होंने अधिवेशन के उद्घाटन सत्र का बहुत ही कुशलता के साथ संचालन किया।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा सभा के समापन की घोषणा कर दी गई।

जगत बिहारी अग्रवाल
महासचिव (प्रशासन)

मेडिकल कालेज लखनऊ में गरीब मरीजों के तीमारदारों के लिए निःशुल्क भोजन व्यवस्था

भावना प्रसादम सेवा प्रकोष्ठ

भावना प्रसादम सेवा प्रकोष्ठ द्वारा **विजयश्री फाउंडेशन** के सहयोग से मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डों में भर्ती गरीब मरीजों के तीमारदारों के लिए निःशुल्क दोपहर के भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस सेवा के लिए मेडिकल कालेज द्वारा लगभग 2500 वर्ग फुट का एक हॉल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है एवं साथ ही बिजली एवं पानी की व्यवस्था भी की गयी है। हॉल के एक भाग में भोजन बनाने एवं कच्चे सामान के भण्डारण की व्यवस्था है। हॉल के दूसरे छोर पर सभी धर्मों के लिए प्रार्थना स्थल बनाया गया है। हॉल के बीच में बैठाकर भोजन करवाने की व्यवस्था है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 250 गरीब परिवार के तीमारदारों को इस सुविधा से लाभ पहुंचाया जा रहा है। विजयश्री फाउंडेशन भावना की संस्थागत सदस्य है। यह सेवा इस संस्था द्वारा विगत् 2 वर्षों से निरन्तर की जा रही है।

तीमारदारों का चयन :- प्रतिदिन गरीब तीमारदारों के चयन के लिए संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज के वार्डों में 250 कूपन वितरित किये जाते हैं। वार्ड के डॉक्टर द्वारा गरीब परिवार के तीमारदारों का चयन कियाजाता है एवं उन्हें कूपन दिए जाते हैं। कूपन प्राप्त कर तीमारदार प्रसादम हॉल में भोजन व्यवस्था प्राप्त करते हैं।

भोजन व्यवस्था :- संस्था द्वारा परिसर में लगभग 250 व्यक्तियों के लिए शाकाहारी भोजन बिना प्याज एवं लहसुन के सफाई के साथ तैयार किया जाता है। भोजन में रोटी, चावल, दाल एवं सब्जी दी जाती है। कभी-कभी साथ में हलवा या मिठाई भी दी जाती है। हर व्यक्ति को प्रेम पूर्वक बैठाकर चौकी पर भरपेट भोजन परोसा जाताहै। भोजन के बाद हर व्यक्ति अपना भोजन थाल स्वयं साबुन से साफ कर **पोटासियम परमैगनेट** एवं साफ पानी के घोल में रखता है। थाल को पुनः

पोंछकर अगली सेवाके लिए तैयार किया जाता है। एक बार में लगभग 30 से 35 व्यक्ति भोजन प्राप्त करते हैं। शेष लोग परिसर के बाहर छाया में कुर्सियों पर विश्राम करते हैं।

सफाई व्यवस्था :- परिसर को निरंतर साफ रखा जाता है। एक बार भोजन देने के बाद अगली बार के लिए स्थान को पुनः साफ किया जाता है। दिन के अंत में पूरे परिसर को धोया जाता है। सफाई के लिए परिसर में जूता एवं चप्पल नहीं लाया जाता है।

रोटी बनाने की मशीन :- परिसर में माह अक्टूबर 2016 में एक रोटी बनाने की मशीन लगाई गयी है। इस मशीन में रोटी बनाने के लिए आटे की लोई बनाकर मशीन में बारी-बारी से डाला जाता है एवं मशीन द्वारा एक घंटे में लगभग 800 रोटी तैयार की जाती है।

वित्त व्यवस्था :- लगभग 250 व्यक्तियों का भोजन तैयार करने में प्रतिदिन लगभग 11000.00 का व्यय होता है। प्रतिदिन लगभग 35 किलो आटा, 12 किलो दाल, 20 किलो चावल, 20 किलो आलू, अन्य सब्जियां, घी, तेल एवं मसाले आदि प्रयोग किया जाता है।

वित्तीय प्रबंध :- इस व्यय की प्रतिपूर्ति मुख्यतया समाज के लोगों एवं संस्थाओं से प्राप्त दान/सहयोग से की जाती है। इस कार्य के लिए विभिन्न लोगों से संपर्क कर परिवार के विशेष दिनों जैसे बच्चों के जन्म दिन, माता-पिता की पुण्य तिथि आदि के अवसर पर एक दिन भोजन की व्यवस्था में सहयोग के लिए अनुरोध किया जाता है। वित्तीय सहयोग के साथ परिवार जन मनोयोग से भोजन देने एवं सफाई में भी सहयोग करते हैं इसके अतिरिक्त हर माह में कुछ आटा, चावल या अन्य सामग्री में सहयोग के लिए भी अनुरोध किया जाता है।

प्रेस कवरेज एवं पुरस्कार :- विजयश्री फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में लखनऊ के लगभग सभी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा संस्था के कार्यों की सराहना की गयी है एवं इस सम्बन्ध में लेख प्रकाशित किये गए हैं। संस्था द्वारा लखनऊ में ऐशबाग, खरगापुर, गोमती नगर, बुलाकी अड्डा, डालीबाग क्षेत्र में आग लगने के बाद विस्थापित गरीब लोगों की भी सहायता कैम्प लगाकर की गयी है। संस्था के कार्यों को जिला अधिकारी लखनऊ, आयुक्त लखनऊ, यातायात पुलिस विभाग एवं इन्कम टैक्स के अधिकारियों एवं अन्य सम्मानित नागरिकों/संस्थाओं द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए हैं।

अपील :- विजयश्री फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहा **प्रसादम सेवा कार्यक्रम** समाज से प्राप्त सहायता के बिना संचालित नहीं किया जा सकता है। भावना द्वारा प्रति माह रुपए 5000.00 का सहयोग किया जाता है एवं अपने सदस्यों से यथाशक्ति सहयोग करने की अपील की जाती है। सदस्यों से प्राप्त राशि को विजयश्री फाउंडेशन को दे दिया जाता है।

हर माह की 19 तारीख को भावना परिवार की ओर से सेवा की जाती है एवं भावना प्रसादम सेवा प्रकोष्ठ के सचिव श्री राजेन्द्र कुमार चुघ द्वारा सभी सदस्यों को इसकी सूचना दी जाती है एवं सेवा के लिए आमंत्रित किया जाता है। माह मई की 19 तारीख को भी भावना परिवार की ओर से सेवा की गयी जिसमें भावना के 5 सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त माह मई 17 में 3 अन्य अवसरों पर सदस्यों द्वारा सेवा में सहायता प्रदान की गयी। दिनांक 11 मई को श्री मनोज कुमार गोयल एवं श्रीमती अर्चना गोयल ने अपने विवाह दिवस पर सहयोग किया। दिनांक 16 मई को श्री डी.एस. शुक्ला जी ने भारत विकास परिषद, इंदिरा नगर के सदस्यों का सहयोग कराया एवं दिनांक 26 मई को श्रीमती नीलम चुघ ने अपने पिताजी की पुण्य तिथि पर सहयोग किया।

भावना के सभी सम्मानित सदस्यों से भावना प्रसादम् सेवा प्रकोष्ठ में सहयोग देने के लिए अपील की जाती है। राशन के रूप में सेवा सीधे प्रसादम सेवा में की जा सकती है। आर्थिक सहयोग के लिए भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति - प्रसादम सेवा के पक्ष में चेक दिया जा सकता है।

क्षणः कणशश्चैव विद्यां अर्थ न साधयेत्। क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्।।

अर्थ-क्षण-क्षण का उपयोग सीखने के लिए और प्रत्येक छोटे से छोटे सिक्के का उपयोग उसे बचाकर रखने के लिए करना चाहिए। क्षण को नष्ट करके विद्या प्राप्ति नहीं की जा सकती और सिक्कों को नष्ट करके धन नहीं प्राप्त किया जा सकता।

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति की प्रबन्धकारिणी की जय शंकर सभागार, कैसरबाग, लखनऊ में 16 मार्च, 2017 को हुई बैठक का कार्यवृत्त

सौजन्य से : माननीय श्री सुभाष चन्द्र चावला, श्री राम बाबू गंगवार, श्री दुखी नाथ राम, श्री राजेन्द्र प्रसाद चुघ तथा डॉ. सुशील कुमार मित्तल।

उपस्थिति : प्रबंधकारिणी के संरक्षक, प्रबंधकारिणी के सदस्य तथा स्थाई आमंत्री - 38 सदस्य।

अन्य विशिष्ट सदस्य तथा विशेष आमंत्री - 24 सदस्य। अनुपस्थित पदाधिकारी :- 36 सदस्य।

कार्यवाही विवरण : माननीय अध्यक्ष महोदय के सभापतित्व में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए:-

1. प्रबन्धकारिणी की 14 फरवरी, 2017 को हुई बैठक का कार्यवाही विवरण विचारोपरान्त अनुमोदित कर दिया गया।

2. 5 मार्च, 2017 को राय उमानाथ बली प्रेक्षाग्रह, कैसरबाग, लखनऊ में सम्पन्न हुए भावना के सत्रहवें वार्षिक महाधिवेशन के कार्यवाही विवरण तथा पारित प्रस्तावों को सभा में पढ़ कर सुनाया गया जिन्हें सभा ने विचारोपरान्त अनुमोदित कर दिया।

3. सभा में उपस्थित भावना के नये बने/बनने वाले सदस्यों श्री सुरेन्द्र नारायण सिंह टन्डन (विशिष्ट सदस्य) तथा श्री सुरेन्द्र कुमार बाजपेई (विशिष्ट सदस्य) का परिचय कराया गया। सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से नये सदस्यों का स्वागत किया।

4. अध्यक्ष महोदय ने बड़ी अप्रसन्नता के साथ सभा को अवगत कराया कि 5 मार्च, 2017 को राय उमानाथ बली प्रेक्षाग्रह, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित हुए समिति के सत्रहवें वार्षिक महाधिवेशन में, यद्यपि कोरम भली प्रकार पूरा था तथापि, प्रबंधकारिणी के 31 सदस्य अनुपस्थित थे। अध्यक्ष महोदय ने अनुपस्थित रहे सभी 31 सदस्यों के नाम भी पढ़कर सुनाए। अध्यक्ष महोदय ने प्रबंधकारिणी के सभी निर्वाचित/मनोनीत पदाधिकारियों तथा सदस्यों एवं स्थाई आमंत्रियों से अपेक्षा की कि वे भविष्य में होने वाली समिति की ऐसी सभी प्रकार की बैठकों तथा कार्यक्रमों में अवश्य ही उपस्थित हुआ करेंगे जिनमें उनकी उपस्थिति अपेक्षित होगी।

5. वर्ष 2017-18 के लिए प्रबंधकारिणी में सदस्यों को मनोनीत करने हेतु सभा में विचार किया गया और सभा ने इसके लिये माननीय अध्यक्ष महोदय को अधिकृत कर दिया।

6. वर्ष 2017-18 में भावना के विभिन्न प्रकार के दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रकोष्ठों के गठन तथा उन प्रकोष्ठों के सचिव/संयोजक एवं सदस्यों को नियुक्त करने के लिये भी सभा ने माननीय अध्यक्ष महोदय को अधिकृत कर दिया। अध्यक्ष महोदय ने सभा में उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि जो सदस्य इन प्रकोष्ठों में कार्य करना चाहते हैं वे अपना नाम उनको दो तीन दिन में दे दें जिससे प्रकोष्ठों में नियुक्ति का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

7. गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह 21 मार्च, 2017 को श्रीमती अर्चना एवं श्री मनोज कुमार गोयल के सौजन्य से उपलब्ध ''गोयल फार्म हाउस'', जैनेसिस क्लब परिसर, कुर्सी रोड, लखनऊ में मनाया जायेगा। औपचारिक निमंत्रण ई मेल तथा व्हाट्सैप द्वारा भेज दिया जायेगा। समारोह सायं 5 बजे प्रारम्भ होगा तथा रात्रि-भोज के साथ समाप्त होगा। सदस्यगण सपरिवार समय से आना सुनिश्चित करें ।

8. एन.सी.आर. शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा ने एन.सी.आर. में येडा से 3000 वर्ग मीटर प्लॉट के आवंटन एवं उस पर बनाये जाने वाले ओल्ड एज होम के बारे में सभा को विस्तार बताया। उन्होंने सभा में उपस्थित सदस्यों से कहा कि जो इस ओल्ड एज होम में रहना चाहते हैं वे 31 मार्च, 2017 तक एक लाख (100000.00) रुपए में जमा कर अपना स्थान सुरक्षित करा सकते हैं। इसके लिये माननीय अध्यक्ष महोदय ने एक अपील ई-मेल द्वारा सभी सदस्यों को भेजी है।

कार्यक्रम के अंत में सभा में उपस्थित सभी सदस्यों की ओर से तथा अपनी ओर से भी अध्यक्ष महोदय ने बैठक के मेजबान सदस्य माननीय श्री सुभाष चन्द्र चावला, श्री राम बाबू गंगवार, श्री दुखी नाथ राम, श्री राजेन्द्र प्रसाद चुघ तथा डॉ. सुशील कुमार मित्तल को धन्यवाद दिया एवं सभी को स्नेहभोज के लिये आमंत्रित किया।

श्री जगत बिहारी अग्रवाल, महासचिव प्रशासन द्वारा अपने पत्रांक : भावना/प-005/2492
दिनांक 12 अप्रैल, 2017 द्वारा प्रसारित।

<u>भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति की प्रबन्धकारिणी की जय शंकर प्रसाद सभागार, कैसरबाग, लखनऊ में 17 मई, 2017 को हुई बैठक का कार्यवृत्त संशोधित कार्यवृत्त - देखें प्रस्तर 11 तथा 12</u>

सौजन्य सेः माननीय श्री नरेन्द्र कुमार रस्तोगी, श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री दिनेश कुमार, श्री सुशील कुमार तथा श्री राम अवतार गुप्ता।

<u>उपस्थितिः</u> प्रबंधकारिणी के संरक्षक, प्रबंधकारिणी के सदस्य तथा स्थाई आमंत्रीः 34 सदस्य।

अन्य विशिष्ट सदस्य तथा विशेष आमंत्रीः 25 सदस्य। गैर-सदस्य आमंत्रीः 6 सदस्य। अनुपस्थित पदाधिकारीः 41 सदस्य।

कार्यवाही विवरण :- माननीय अध्यक्ष महोदय के सभापतित्व में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिए गएः-

1. प्रबन्धकारिणी की 16 मार्च, 2017 को हुई बैठक का कार्यवाही विवरण विचारोपरान्त अनुमोदित कर दिया गया।

2. भावना के नये बने सदस्यों का परिचय कराया गया। इन सदस्यों में श्री विजय कान्त खरे,श्री कृष्ण चान्दना तथा श्रीमती रीटा चान्दना के नाम उल्लेखनीय हैं। सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से नये सदस्यों का स्वागत किया।

3. महासचिव (प्रशासन) ने सभा को अवगत कराया कि 15 मई, 2017 को भावना का डे-केयर सेन्टर श्री सुभाष चन्द्र विद्यार्थी के सौजन्य से उनके निवास स्थान 1/22,सेक्टर-सी, प्रियदर्शनी कालोनी, लखनऊ में आरम्भ हो गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भावना-सदस्य उपस्थित थे। भावना डे-केयर सेन्टर का कार्य-समय सायं 5 से 8 बजे निर्धारित किया गया है।

4. महासचिव (प्रशासन) ने सभा को अवगत कराया कि 15 मई,2017 को ही भावना का परमार्थ फ़िजियोथेरेपी सेन्टर भी भावना के वॉलन्टियर सदस्य, डॉ. अमित सिंह के सौजन्य से 534/89,के-1, सेक्टर-एम, अलीगंज, लखनऊ में प्रारम्भ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भावना-सदस्य उपस्थित थे। ''नो प्रॉफिट - नो लॉस'' के सिद्धांत पर संचालित इस सेन्टर में भावना-सदस्य 50 रुपये प्रति सिटिंग, अति गरीब गैर-भावना-सदस्य 20 रुपये प्रति सिटिंग तथा अन्य गैर-भावना-सदस्य 100 रूपये प्रति सिटिंग का सहयोग देकर फ़िजियोथेरेपी का लाभ ले सकते हैं। भावना परामार्थ फ़िजियोथेरेपी सेन्टर का कार्य-समय सायं 5 से 9 बजे निर्धारित किया गया है।

5. महासचिव (प्रशासन) ने सभा को अवगत कराया कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शिक्षा सहायता योजना के अंर्तगत कक्षा 1 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहयोग दिया जायेगा। गत वर्ष 130 छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहयोग दिया गया था इस वर्ष 140 छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहयोग देने का संकल्प है। गत वर्ष बी.एससी. प्रथम वर्ष में अध्ययन हेतु दो छात्राओं को आर्थिक सहयोग दिया गया था। यदि उनका प्रथम वर्ष का परीक्षा-फल उत्तम रहा तो इस वर्ष भी उन्हें बी.एससी. द्वितीय वर्ष में अध्ययन हेतु आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। साथ ही साथ कम से कम दो अन्य छात्र/छात्राओं को भी स्नातक कक्षा के प्रथम वर्ष में अध्ययन हेतु आर्थिक सहयोग दिया जायेगा। भावना के सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक धनराशि का दान शीघ्र से शीघ्र देने का कष्ट करें जिससे माह अगस्त में चयनित छात्र/छात्राओं की पहली किस्त का भुगतान करने में कठिनाई न आये।

6. महासचिव (प्रशासन) ने सभा को अवगत कराया कि अनौपचारिक शिक्षा के एक केन्द्र का संवालन श्री अमरनाथ जी के नेतृत्व में अनौपचारिक शिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस पर हर वर्ष लगभग एक लाख रुपए का व्यय आता है। सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक धनराशि का दान शीघ्र से शीघ्र इस मद में देने तथा दिलाने का कष्ट करें जिससे अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

7. सभा को अवगत कराया गया कि माननीय अध्यक्ष जी के प्रयास से पुणे की एक कम्पनी ने अनौपचारिक शिक्षा हेतु प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने की सहमति दी है। कम्पनी ने इस वर्ष के लिए 50 हजार रुपये दे भी दिये हैं तथा कहा है कि शीघ्र ही वे शेष 50 हजार रुपये भी दे देंगे। पूरी धनराशि प्राप्त होने के बाद अनौपचारिक शिक्षा का एक और केन्द्र स्थापित करने पर विचार किया जायेगा।

8. एन.सी.आर. शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा ने एन.सी.आर. में येडा से भावना के हित में हुए 3000 वर्ग

मीटर प्लॉट के आवंटन एवं उस पर बनाये जाने वाले ओल्ड एज होम के बारे में सभा को विस्तार से बताया। उन्होंने सभा में उपस्थित सदस्यों को बताया कि जो भी भावना-सदस्य इस ओल्ड एज होम के संस्थापक सदस्य बनना चाहते हैं वे 30 जून, 2017 तक एक लाख रुपए का दान इस मद में कर दें। इस परियोजना की पूरी नियमावली ई-मेल तथा व्हाट्सैप के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। सदस्यों के अनुरोध पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल जी ने नियमावली की प्रति पुनः ई-मेल पर डालने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल जी ने एन.सी. आर. शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा को एक लाख रुपये के दान का चेक अपनी ओर से ओल्ड एज होम की संस्थापक सदस्यता हेतु दिया। अनेक सदस्यों ने तमाम जानकारियों के लिये अनेक प्रश्न किये जिनके उत्तर एन.सी.आर. शाखा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार शर्मा ने सभा में दिए। उन्होंने कहा जिनको जो भी जानकारियां चाहिये वह उन्हें फोन करके या ई-मेल करके ले सकते हैं।

9. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल जी ने सभा को अवगत कराया कि 19 मई, 2017 को वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुशील शंकर सक्सेना, प्रमुख महासचिव श्री राम लाल गुप्ता एवं विशिष्ट सदस्य श्री नरेश चन्द्र रस्तोगी के विवाह की 50वीं वर्षगांठ है। सभा द्वारा करतल ध्वनि के साथ उन्हें बधाईयां एवं शुभकामनायें दी गईं। श्री सुशील शंकर सक्सेना द्वारा इस उपलक्ष्य में 5001 रुपए का दानभावना को देने की घोषणा की गई। श्री नरेश चन्द्र रस्तोगी द्वारा भी इस उपलक्ष्य में 11000 रुपए का चेक भावना को प्रसादम सेवा हेतु दिया गया। सम्प्रेक्षक श्री मनोज कुमार गोयल ने भी 11 मई, 2017 को अपने विवाह की 52वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 5000 रुपए का सहयोग भावना को प्रसादम सेवा हेतु दिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री विनोद कुमार शुक्ल** जी ने सभा को भावना के सदस्यों के माह मई, 2017 व जून, 2017 में पड़ने वाली विवाह की 50वीं वर्षगांठ तथा समान्य वर्षगांठ के बारे में अवगत कराते हुए सम्बंधित सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपनी इन विशेष तिथियों के उपलक्ष्य में भावना के जनहितकारी कार्यक्रमों के लिए कुछ न कुछ आर्थिक सहयोग अवश्य प्रदान करें।

10. भावना का अठारहवाँ स्थापना दिवस रविवार, **20 अगस्त, 2017** को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में माननीय उपाध्यक्ष, प्रमुख महासचिव, तीनों महासचिव, चारों उपमहासचिव, कोषाध्यक्ष तथा दोनों सह-कोषाध्यक्ष इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय रहते सुनिश्चित करेंगे।

11. सभा में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के सचिव/संयोजक, डॉ. नरेन्द्र देव, की नव-रचित पुस्तिका, **"आहार विहार के प्रभावी सूत्र"** का लोकार्पण भी किया गया। डॉ. नरेन्द्र देव ने अपने सम्बोधन में इस पुस्तिका की रचना करने के उद्देश्य तथा इसकी अंतर्वस्तु के विषय में भी सभा को अवगत कराया एवं कहा कि सार्वजनिक हित की इस पुस्तिका का मूल्य सोच समझ कर मात्र दस रुपए इस लिए रखा गया है ताकि सभी लोग इसे खरीद कर तथा पढ़कर लाभान्वित हो सकें। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने इस पुस्तिका को हाथों-हाथ खरीद भी लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने अपनी ओर से तथा सभा की ओर से भी लगभग नगण्य मूल्य पर इतनी उपयोगी पुस्तिका समाज को उपलब्ध कराने के लिए डॉ. नरेन्द्र देव को धन्यवाद ज्ञापित किया।

12. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ल जी ने सभा को अवगत कराया कि वे आगामी **22 मई, 2017 से 27 अगस्त**, 2017 तक देश से बाहर कैलगरी (कनाडा) तथा फिलेडेल्फिया (अमरीका) में रहेंगे परन्तु इस दौरान भी वे ई-मेल तथा व्हाट्सैप पर बराबर उपलब्ध रहेंगे। व्हाट्सैप पर फोन तथा विडियोकॉलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

कार्यक्रम के अंत में सभा में उपस्थित सभी सदस्यों की ओर से तथा अपनी ओर से भी अध्यक्ष महोदय ने बैठक के मेजबान सदस्यों माननीय श्री नरेन्द्र कुमार रस्तोगी, श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा, श्री दिनेश कुमार, श्री सुशील कुमार तथा श्री राम अवतार गुप्ता को धन्यवाद दिया एवं सभी को स्नेहभोज के लिये आमंत्रित किया।

श्री जगत बिहारी अग्रवाल-महासचिव प्रशासन द्वारा पत्रांकः भावना/प-005/2513
दि. 12 जून, 2017 द्वारा प्रसारित।

भावना संदेश मार्च-2017 के प्रकाशन के बाद बने नये सदस्यों की सूची

सदस्यता क्र.- एम-47/831
श्रीमती मोनिका सेवानी, गृहणी
13/202, दीपक, सहारा स्टेट्स, जानकीपुरम्,
लखनऊ-21 फोनः 08601772941
ई.मेलः sewanipiya@gmail.com
DOB:23/01/1963 MD:29/05/1981

सदस्यता क्र.- के-55/832
श्री कृष्ण चांदना, व्यापारी
